वीयू– पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय जबलपुर का 77 वां स्थापना दिवस

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के पशु चिकित्सा और पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर दिनांक 8 जुलाई 2024 को अपने गौरवशाली 77 वर्ष में प्रवेश कर रहा है इस स्थापना दिवस के उपलक्ष पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी के दिशा–निर्देशानुसार तथा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा एवं जेवीसी अध्यक्ष डॉ. सुनील नायक तथा सचिव डॉ. आदित्य मिश्रा के मार्गदर्शन में भव्य स्थापना दिवस मनाने की तैयारी में जुटा हुआ है। इस 77 वें स्थापना दिवस में देश भर तकरीबन 250–300 वेटनेरियनस सम्मिलित हो रहे हैं। जिनमें से विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे वेटरनरी कॉलेज जबलपुर के अध्ययन पूर्व छात्र–छात्राएं, पशुपालन विभाग मध्य प्रदेश के वेटरिनेरियंस, सेवा निवृत्त प्राध्यापक, पदक विजेताओं के अभिभावक तथा तात्कालिक अध्यनरत छात्र –छात्राएं हैं। इस अवसर पर वेटरनरी महाविद्यालय जबलपुर के 2004 के बैच के छात्र–छात्राएं अपने पुनर्मिलन समारोह भी मना रहे हैं।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में 21 स्वर्ण पदक विभिन्न विभागों में सर्वाधिक अंक अर्जित करने हेतु छात्र–छात्राओं को दिए जाएंगे। स्थापना दिवस का कार्यक्रम सफलतापूर्वक मनाने हेतु अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज जबलपुर डॉ. आर. के. शर्मा द्वारा गठित विभिन्न समितियां के माध्यम से सभी प्राध्यापक तत्पर कार्य में जुड़े हुए हैं।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर